तापमान
अधिकतम 31.5 डिग्री
न्यूनतम 16.8 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि
रायपुर, शनिवार 27 सितंबर 2025
बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

11 गांव से जिले तक जल संरक्षण का स्थायी समाधान

12 शुद्ध व त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली ...


प्रवेश प्रारंभ
SHRI SAI COLLEGE
सीमित सीट/न्यूनतम फीस
• D.Pharma
• B.Ed. • ITI Electrician*
• ITI (Computer/COPA)
• ITI (Health Inspector)
• ITI Data Entry Operator*
OBC/SC/ST/ अल्पसंख्यकों को शासन की छात्रवृत्ति
श्री साई कॉलेज
श्री साई फार्मेसी कॉलेज
श्री साई आईटीआई
पथरिया रोड, नंदिनी- अहिवारा, दुर्ग
Contact : 70241-38402

## नवरात्रि विशेष

### पंचमी: स्कंदमाता

देवी मां का पांचवा स्वरूप स्कंदमाता का है। स्कंदमाता को ही महेश्वरी, गौरी और पार्वती कहते हैं। भगवान स्कंदजी बालरुप में इन्हीं के गोद में विराजते हैं। सौभाग्य की देवी स्कंदमाता असुरों का दमन करने वाली और परम वैभवशाली है। सूर्यमंडल की अधिष्ठात्री देवी होने के कारण इनका उपासक अलौकिक तेज और कांति से संपन्न हो जाता है। कथा है कि एक बार असुर तारकासुर ने घोर तपस्या करके ब्रह्माजी से अक्षत जीवन का वर ले लिया था। बह्माजी ने वरदान तो दे दिया पर कहा कि आना-जाना तो इस सृष्टि का नियम है। इससे कोई नहीं बच सकता। इस पर धूर्त तारकासुर ने वर मांगा कि उनकी मौत हो तो सिर्फ शिवजी के पुत्र के हाथों। बह्माजी ने भी तथास्तु कह दिया। अब तारकासुर निरंकुश हो गया। उसने सोचा न तो शिव कभी विवाह करेंगे और उसकी मौत होगी। तारकासुर ने ऐसा उत्पात मचाया कि सारा संसार त्राहि-त्राहि कर उठा। देवगण शिवजी की शरण में पहुंचे और सार व्यथा-कथा कह सुनाई। उनके काफी अनुनय-विनय सदाशिव ने साकार रुप धारण कर पार्वतीजी से विवाह रचाया। कालांतर में शिव-पार्वती कार्तिकेय या स्कंदकुमार ने तारकासुर को यमलोक पहुंचाया। स्कंदमाता के स्वरुप के साथ ही माता और पुत्र संबंध की नींव पड़ी। पांचवे नवरात्र को इन्हीं स्कंदमाता की पूजा होती है। शास्त्रों में पांचवे नवरात्रि को पुष्कल का महत्व बताया गया है। स्कंदमाता की चार भुजाएं है। इनका वर्ण शुभ्र है। स्कंदमाता की आराधना के समय साधक मन विशुद्ध चक्र में अवस्थित रहता है। स्कंदमाता की पूजा करने वाले भक्तों का मन सांसारिक मोहमाया की आरधना का मंत्र है-
नित्यं पद्माश्रितकरद्वया।
शुभ्रदास्तु सदा देवी स्कंदमाता यशस्विनी।।




नाबालिग ने कुछ दिन पहले अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर समाज के खिलाफ डाली थी आपत्तिजनक पोस्ट

# युवक की चाकू मारकर हत्या, सतनामी समाज ने विरोध में किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवागढ़

सोशल मीडिया पर शुरू हुआ विवाद देखते-देखते भयावह हकीकत में बदल गया। नवागढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम लालपुर में शुक्रवार की शाम 23 वर्षीय टार्जन गायकवाड़ की हत्या ने पूरे इलाके को झकझोर दिया। आरोपी 16 वर्षीय नाबालिग ने टार्जन पर चाकू से हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई।

हत्या की खबर से देर रात तक नवागढ़ क्षेत्र में तनाव की स्थिति बनी रही। पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, घटना की जड़ एक सोशल मीडिया पोस्ट थी। आरोपी नाबालिग ने कुछ दिन पहले अपने अकाउंट पर सतनामी समाज के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट डाली। इसे देखने के बाद टार्जन ने कहा कि पोस्ट हटाया जाए। आरोपी ने धमकी दी और डेढ़ महीने तक गांव से फरार रहा। शुक्रवार की शाम टार्जन गांव के चौक पर अपने परिचितों के साथ खड़ा था, तभी आरोपी वहां पहुंचा और अचानक जेब से चाकू निकालकर सीधे टार्जन के पेट पर वार कर दिया। ग्रामीणों ने घायल को अस्पताल ले जाने की पूरी कोशिश की, लेकिन चिकित्सकों ने अत्यधिक रक्तस्राव के कारण उसे मृत घोषित कर दिया। मृत्यु की खबर फैलते ही सतनामी समाज के लोग थाने पहुंचे और आरोपी पर कड़ी कार्रवाई की मांग करने लगे। शुक्रवार रात पूरे इलाके में तनाव का माहौल रहा। शनिवार की सुबह आक्रोश चरम पर पहुंचा। बड़ी संख्या में लोग सड़क पर उतर आए और राजीव गांधी चौक पर बेमेतरा–मुंगेली हाईवे जाम कर दिया। घंटों तक यातायात बाधित रहा। प्रदर्शनकारियों ने साफ कहा कि आरोपी को सख्त सजा दी जाए, मृतक के परिवार को 1 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया जाए और परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाए।



### हत्या का मामला दर्ज

एसडीओपी कौशल्या साहू ने बताया कि आरोपी नाबालिग को गिरफ्तार कर बीएनएस की धारा 103(1) के तहत हत्या का मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जांच में सोशल मीडिया पोस्ट और जुड़े सभी पहलुओं को ध्यान में रखा जाएगा।

### प्रशासन की सख्त निगरानी

स्थिति गंभीर होने पर एसडीएम दिव्या पोटाई, एसडीओपी कौशल्या साहू, तहसीलदार विनोद बंजारे और थाना प्रभारी अलील चंद सहित अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। घंटों मशक्कत के बाद प्रदर्शनकारियों ने प्रशासन के आश्वासन पर 10 दिन का अल्टीमेटम देकर हाईवे जाम समाप्त किया।मृतक के पिता गुलाब गायकवाड़ ने कहा कि मेरे बेटे की हत्या ने हमारा परिवार तोड़ दिया। हम चाहते हैं कि उसे जल्द न्याय मिले। अपराधी को कड़ी सजा दी जाए।

### पारदर्शिता के साथ होगी जांच

एसडीएम दिव्या पोटाई ने कहा कि जांच पूरी पारदर्शिता के साथ होगी। दोषी को कानून के तहत कड़ी सजा दिलाई जाएगी। प्रशासन प्रभावित परिवार और समाज के लोगों से लगातार संवाद बनाए हुए है। जो भी मांगें हैं, उन्हें उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाएगा।

# पीडीएस और मध्यान्ह भोजन में मिली खामियां, लगाई फटकार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बेमेतरा

■ खाद्य आयोग के अध्यक्ष ने छात्रावास व आंबा केंद्रों की जांच की

छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष संदीप शर्मा एवं सदस्य सचिव राजीव जायसवाल शुक्रवार बेमेतरा जिले के प्रवास पर रहे। इस अवसर पर उन्होंने जिले में संचालित खाद्य सुरक्षा योजनाओं, सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस), आंगनबाड़ी केन्द्रों, छात्रावासों तथा मध्यान्ह भोजन योजनाओं का गहन निरीक्षण कर जमीनी हकीकत जानी और अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक ली। प्रवास के दौरान जिला कार्यालय स्थित सभाकक्ष में खाद्य विभाग, नागरिक आपूर्ति निगम, स्टेट वेयरहाउसिंग कार्पोरेशन, शिक्षा विभाग, आदिवासी विकास विभाग तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई। इसमें अध्यक्ष श्री शर्मा ने फोर्टिफाइड राइस (एफआरके) के उपयोग, उसकी ▶▶| शेष पेज 11 पर

### बच्चों को पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले

छात्रावास में खराब बर्तनों का उपयोग, भोजन की निम्न गुणवत्ता, संग्रहित खाद्यान्न की खराब दशा तथा बच्चों के रहने की असुविधाजनक स्थिति देखकर उन्होंने गहरी नाराजगी व्यक्त की। अधीक्षक की अनुपस्थिति पर भी असंतोष जताते हुए तत्काल कार्यवाही के निर्देश दिए। इसी क्रम में दो आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण में एक केन्द्र पर बच्चों की उपस्थिति प्रतिशत बेहद कम होने तथा मूलभूत सुविधाओं के अभाव को गंभीरता से लिया गया और विभागीय अधिकारियों को त्वरित सुधार हेतु निर्देश दिए। दाढ़ी की शासकीय उचित मूल्य की दुकान के निरीक्षण के दौरान एपीएल एवं बीपीएल चावल की अलग-अलग स्टैकिंग नहीं पाए जाने पर क्षेत्रीय खाद्य निरीक्षक को सुधार के निर्देश दिए गए। इसके अलावा शासकीय स्कूल कोबिया (वार्ड क्रमांक 7) का निरीक्षण करते हुए उन्होंने मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता पर बच्चों से सीधे चर्चा की और सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि बच्चों को पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण भोजन मिले। खाद्य आयोग अध्यक्ष ने अधिकारियों से कहा कि ▶▶| शेष पेज 11 पर



खुलासा: आरोपी बहला फुसलाकर मोटर सायकिल में ले गए थे युवती को, शिकायत करने पर दी थी धमकी

# आदिवासी युवती से सामूहिक दुष्कर्म के तीनों आरोपी चढ़े पुलिस के हत्थे

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा में बीते मंगलवार की रात एक अज्ञात युवती के साथ घटित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में कबीरधाम पुलिस ने मात्र 36 घंटे के भीतर मुख्य आरोपी सहित तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उल्लेखनीय और सनसनीखेज सफलता प्राप्त की है। यह पुलिस की निरंतर मेहनत, उच्चस्तरीय प्रोफेशनलिज्म, त्वरित प्रतिक्रिया और समन्वित कार्रवाई का उत्कृष्ट उदाहरण है।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी जितेन्द्र खरे उर्फ जित्तु पिता दिलीप खरे उम्र 22 वर्ष निवासी उर्जा पार्क के पास, वार्ड क्रमांक 09, कवर्धा, नसीम अहमद उर्फ छोटू पिता नफीस खान उम्र 25 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 22, एकता चौक, कवर्धा तथा मोहम्मद सरफराज उर्फ सफ्फु पिता मोहम्मद अयूब उम्र 21 वर्ष निवासी डालडापारा, आदर्शनगर, कवर्धा को गिरफ्तार किया है। उल्लेखनीय इस घटना के बाद पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर महिला थाना कवर्धा में अपराध क्रमांक 43/2025 धारा 70(1), 351(3) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया था।

रिपोर्ट के अनुसार तीन युवकों ने पीड़िता को जबरन बाइक पर बैठाकर सुनसान स्थान पर ले जाकर बारी-बारी से बलात्कार किया और घटना की जानकारी किसी को देने पर जान से मारने की धमकी दी थी। घटना के पश्चात पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव रेंज अभिषेक शांडिल्य स्वयं मामले की मॉनिटरिंग करते रहे। पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के नेतृत्व में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल एवं पंकज पटेल और जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारीगण डीएसपी अखिलेश कौशिक, डीएसपी प्रतीक चतुर्वेदी, डीएसपी कृष्ण कुमार चंद्राकर एवं डीएसपी आशीष शुक्ला के पर्यवेक्षण में कई विशेष टीम गठित की गईं। इन टीमों ने अलग-अलग मोर्चों पर कार्यवाही की। अपराधियों की धरपकड़, तकनीकी साक्ष्यों का विश्लेषण, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन का परीक्षण तथा मुखबिर तंत्र के जरिए प्राप्त सूचनाओं का मिलान किया गया।

### लगभग 150 से 200 संदेहियों से की गई पूछताछ




सामूहिक दुष्कर्म के आरोपियों तक पहुंचने पुलिस द्वारा बड़े पैमाने पर छापामार कार्यवाही की गई और पूरे जिले से लगभग 150 से 200 संदेहियों को थानों में लाकर गहन पूछताछ की गई। पूछताछ से मिले अहम सुरागों को तकनीकी शाखा की जानकारी और डिजिटल साक्ष्यों से जोड़कर आरोपियों की शिनाख्त सुनिश्चित की गई। इसके बाद पुलिस टीमों ने सघन घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को हिरासत में लिया।

### पीड़िता ने की आरोपियों की पहचान

पुलिस के मुताबिक कार्यपालिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में पीड़िता द्वारा आरोपियों की पहचान की गई। आरोपियों की पहचान सुनिश्चित होने के बाद आरोपियों से पूछताछ की गई और पूछताछ के दौरान उनके द्वारा अपराध को स्वीकार भी किया। जांच से यह तथ्य भी उजागर हुआ कि तीनों आरोपी आदतन अपराधी हैं, जो चोरी जैसे मामलों में पहले भी जेल जा चुके हैं। कबीरधाम पुलिस आम जनता को आश्वस्त करती है कि दुष्कर्म जैसे जघन्य अपराधों के प्रति हमारी नीति जीरो टॉलरेंस की है। ऐसे अपराधियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा और उनके खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



# शार्ट सर्किट से दुर्गा पण्डाल में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा के भारत माता चौक में स्थापित दुर्गा पंडाल में गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात अचानक आग भड़क गई। पण्डाल में आग भड़कने का कारण शॉर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। इस अग्नि दुर्घटना में पंडाल के पीछे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय कवर्धा के भारत माता चौक दुर्गोत्सव समिति द्वारा मनमोहक व विशाला दुर्गा पण्डाल का निर्माणकर दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की है। बताया जाता है कि इसी दौरान गुरूवार-शुक्रवार की दरमियानी रात दुर्गा पण्डाल के पीछे हुए शार्ट सर्किट से पण्डाल में लगे कपड़ों में आग भड़क गई और आग में पण्डाल का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

पण्डाल में मौजूद लोगों को इसकी भनक लगते ही तत्काल दमकल अमले को सूचना दी गई और आग पर काबू पाया गया। इस दुर्घटना में पण्डाल में स्थापित दुर्गा प्रतिमा को भी आंशिक क्षति पहुंची है। यहां बताना लाजिमी होगा कि भारत माता चौक पर पहली बार आकर्षक और भव्य दुर्गा पंडाल बनाया गया था, जो श्रद्धालुओं के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। आग लगने की घटना से आयोजन समिति के साथ-साथ श्रद्धालुओं को भी हैरान-परेशान कर दिया है।

## खबर संक्षेप

### 2 अक्टूबर को ग्रामसभा का आयोजन

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के निर्देशानुसार, 02 अक्टूबर 2025 को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले के समस्त ग्राम पंचायत मुख्यालयों एवं उनके आश्रित ग्रामों में ग्रामसभा का आयोजन अनिवार्य रूप से किया जाएगा। यह आयोजन छ.ग. पंचायतराज अधिनियम 1993 की धारा-6 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए अनुमोदित किया गया है। शासन द्वारा इस संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं, जिसकी प्रति संबंधित अधिकारियों को भेजी जा चुकी है। ग्रामसभा में लिये गये सभी निर्णयों की अधिकतम 15 मिनट की वीडियो रिकार्डिंग कर 'ग्राम सभा निर्णय' मोबाइल ऐप पर अपलोड किया जाना अनिवार्य किया गया है। साथ ही, ग्रामसभा की समस्त गतिविधियों को वाईब्रेंट ग्राम सभा पोर्टल एवं जीपी डीपी पोर्टल में शत-प्रतिशत अपलोड कराना सुनिश्चित करने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है। इस अवसर पर ग्रामीण विकास, शासन की योजनाओं की जानकारी, ग्राम विकास से जुड़े निर्णय तथा जनभागीदारी को प्रोत्साहित किया जाएगा।

### उच्च शिक्षा के लिए प्रदान की जाएगी छात्रवृत्ति

**कवर्धा।** छत्तीसगढ़ राज्य के प्रतिभावान एवं निम्न आय वर्ग के विद्यार्थियों के लिए मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा प्रोत्साहन छात्रवृत्ति योजना शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में 25 अक्टूबर 2025 तक जमा किए जा सकते हैं।

# कवर्धा में नालंदा लाइब्रेरी निर्माण की प्रक्रिया तेज

## कलेक्टर व नपा अध्यक्ष ने किया स्थल निरीक्षण



- आबकारी कंट्रोल रूम एनएच कार्यालय में होगा स्थानांतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

कवर्धा के युवाओं और अध्ययनशील नागरिकों की बहुप्रतीक्षित नालंदा लाइब्रेरी के निर्माण की दिशा में अब तेज़ी आ गई है। उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से स्वीकृत इस परियोजना के लिए आज कलेक्टर गोपाल वर्मा और नगर पालिका अध्यक्ष चंदप्रकाश चंद्रवंशी ने प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया और निर्माण की बाधाओं को दूर करने के निर्देश दिए। वर्तमान में प्रस्तावित नालंदा लाइब्रेरी परिसर स्थल में आबकारी कंट्रोल रूम का संचालन किया जा रहा है। कलेक्टर ने शुक्रवार को आबकारी कंट्रोल रूम को स्थानांतरित करने के लिए चिन्हांकित की गई एनएच कार्यालय भवन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वर्तमान में लाइब्रेरी परिसर में संचालित आबकारी कंट्रोल रूम को अन्य स्थान पर स्थानांतरित किए जाने की कार्रवाई की समीक्षा की। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि आबकारी कंट्रोल रूम को शीघ्र ही एनएच कार्यालय में स्थानांतरित किया जाए, ताकि नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के प्रारंभ हो सके। कलेक्टर गोपाल वर्मा ने बताया कि उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा के विशेष प्रयासों से राज्य शासन ने लाइब्रेरी, कैफिटेरिया एवं अन्य निर्माण के लिए 4 करोड़ 37 लाख रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण कार्य बिना किसी बाधा के प्रारंभ हो सके इसके लिए कार्य तेज गति से किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नालंदा लाइब्रेरी नगर के युवाओं, विद्यार्थियों एवं अध्ययनशील नागरिकों के लिए नई संभावनाओं का द्वार खोलेगी। कलेक्टर ने बताया कि नालंदा लाइब्रेरी का निर्माण लगभग डेढ़ एकड़ शासकीय भूखंड पर किया जाएगा। यह तीन मंजिला भवन होगा, जिसमें 200 सीटर वातानुकूलित हॉल तैयार किया जाएगा। यहां राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले युवाओं को निःशुल्क सुविधा मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह लाइब्रेरी कवर्धा सहित पूरे जिले के लिए ज्ञान, अध्ययन और प्रतियोगी शिक्षा का केंद्र बनेगी। नालंदा लाइब्रेरी जिले के युवाओं को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभ देगी। निरीक्षण के दौरान एसडीएम चेतन साहू, तहसीलदार परमेश्वर मंडावी सहित आबकारी विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# 52 लोगों ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस को बड़ा झटका दिया है। जानकारी के मुताबिक जिले में आयोजित सेवा पखवाड़ा अभियान के दौरान कांग्रेस से जुड़े 52 लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर संगठन को मजबूती दी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उपमुख्यमंत्री एवं कवर्धा विधायक विजय शर्मा और पंडरिया विधायक भावना बोहरा की जनहितैषी कार्यशैली से प्रभावित होकर कांग्रेसी कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए इस भाजपा प्रवेश ने भाजपा के बढ़ते जनाधार की पुष्टि की है। बताया जाता है कि जिले के विश्राम भवन में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष राजेंद्र चंद्रवंशी, जनपद पंचायत कवर्धा अध्यक्ष सुषमा गनपत बघेल और वरिष्ठ नेता पंचराम कौशल उपस्थित थे। इसी दौरान कांग्रेस से जुड़े 52 लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश सरकार की योजनाओं को गरीब, पिछड़े और वंचित वर्गों के लिए उम्मीद की किरण बताते हुए भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। जिन्हें भाजपा पदाधिकारियों ने भाजपा का गमछा पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर पर डॉ. जांगड़े ने कहा कि भाजपा ही वह पार्टी है जो अंतिम पंक्ति तक खड़े व्यक्ति के हित में कार्य करती है। वहीं जिला अध्यक्ष चंद्रवंशी ने स्पष्ट किया कि सेवा पखवाड़ा सिर्फ सदस्यता अभियान नहीं बल्कि समाजसेवा का सशक्त प्रतीक है। इस दौरान बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि कांग्रेस छोड़कर भाजपा में आ रहे कार्यकर्ताओं की संख्या आने वाले चुनावी परिदृश्य में कांग्रेस की चुनौतियां और भाजपा की संभावनाओं को स्पष्ट करती है।

## महामाया सेवा समिति पंडरिया द्वारा गरबा उत्सव का भव्य आयोजन



पंडरिया। स्वर्णा लेडिस ग्रुप के तत्वाधान में अभूतपूर्व गौरव और सफलता की प्राप्ति के साथ गरबा उत्सव का सफलतम तीसरा साल श्रीमती उमा पवन पाठक के द्वारा आयोजित समारोह नगर में उमंग, हर्ष और चर्चा का विषय रहा। इस शानदार आयोजन में विशेष रूप से पंडरिया नगर में ऐतिहासिक 118 चरण सफाई अभियान चलाकर सुनहरे अक्षरों में अपना नाम दर्ज करने वाले महामाया सेवा समिति को आतिथ्य सम्मान के साथ बेहतरीन प्रतिक चिन्ह से नवाजा गया। सांसद संतोष पाण्डेय तथा समाजसेवी श्रीमती रेखा पाण्डेय ने सारगर्भित उद्बोधन और शुभकामनाओं के साथ गरबा गौरव उत्सव का शुभारंभ किया। तत्पश्चात नृत्य भक्ति से माता रानी की पूजा कर प्रतिभागियों के द्वारा भक्तिमय गीतों पर नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी गई, जिसने दर्शकों का मन मोह लिया। इस गौरव से परिपूर्ण पल में समिति अध्यक्ष, सांसद प्रतिनिधि कॉलेज संजय सोनी के साथ समिति सचिव, विधानसभा सोशल मीडिया संयोजक अभिषेक शर्मा, सभापति जंप जल्लू साहू, स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर डॉक्टर बैस, मोहन राजपूत, राजीव श्रीवास्तव तथा विजया शर्मा, संगीता हलवाई मौजूद थे।

# दुर्गा मंच का टीन-एंगल शेड रहस्यमय तरीके से गायब



हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला

नगर पंचायत क्षेत्र के नए मंगल भवन के पीछे बने दुर्गा मंच पर लगाया गया टीन और लोहे का एंगल शेड अचानक गायब हो गया। जब इस विषय में नगर पंचायत के सीएमओ से जानकारी चाही गई तो उन्होंने अनभिज्ञता जताई। वहीं नगर पंचायत के कर्मचारियों से पूछने पर भी किसी के पास कोई स्पष्ट जानकारी नहीं थी। क्या किसी कार्ययोजना के तहत किसी को अनुमति दिए गई है इसकी भी जानकारी सीएमओ को नही थी। घटना को लेकर सीएमओ ने थाना में आवेदन देने तक कि बात कह डाली। कुछ घंटे बाद सीएमओ से बात हुई तो उनका कथन चौकाने वाला था कि कोई ठेकेदार शेड काटकर ले गया था, कल वापस आ जायेगा। लेकिन ठेकेदार का नाम पूछे जाने पर सीएमओ ने बताने से साफ इंकार कर दिया और कहा कि नाम नही बता सकता।

### सीएमओ ठेकेदार का नाम बताने से बचते रहे

कमाल की बात यह रही कि दूसरे ही दिन वही टीन शेड और लोहे का एंगल नगर पंचायत परिसर में लाकर छोड़ दिया गया। लेकिन उसमें कुछ टीन गायब पाए गए। अब यह सवाल और भी गहरा हो गया है कि आखिर किसकी अनुमति से शासकीय संपत्ति काटी गई और बीच में टीन कहां गायब हो गए? वार्ड के पार्षद नरेश साहू ने भी साफ कहा कि उन्हें इस विषय में कोई जानकारी नहीं दी गई। नगर पंचायत के कर्मचारी और सीएमओ ने पार्षद को भी अंधेरे में रखा। नगरवासियों का कहना है कि यह पूरा प्रकरण नगर पंचायत प्रशासन की पारदर्शिता पर सवाल खड़े करता है। क्या यह मामला आपसी सेटलमेंट कर शासकीय संपत्ति बेचने का है? यदि ऐसा नहीं है तो ठेकेदार का नाम सार्वजनिक क्यों नहीं किया जा रहा और गायब हुए टीन की जिम्मेदारी कौन लेगा? जनता अब स्पष्ट जवाब चाहती है कि दुर्गा मंच के सेड को हटाने की अनुमति किसने दी, गायब टीन का हिसाब कौन देगा और शासकीय संपत्ति के इस तरह से आना-जाना आखिर किस नियम के तहत हो रहा है।

माता रानी की भक्ति में डूबा समूचा अंचल, एक ही स्थान पर 51 शक्तिपीठों के दर्शन को सौभाग्य मान रहे भक्त

# नेवारी गुड़ा में सजे 51 शक्तिपीठ, शारदीय नवरात्रि पर भक्तों का उमड़ रहा आस्था का जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



जिला मुख्यालय कवर्धा से लगा ग्राम नेवारीगुड़ा इस समय आस्था, भक्ति और श्रद्धा का केन्द्र बना हुआ है। शारदीय नवरात्र पर्व के पावन अवसर पर यहां दुर्गोत्सव समिति द्वारा आयोजित धार्मिक अनुष्ठान और भव्य सजावट ने पूरे क्षेत्र का माहौल भक्तिमय कर दिया है। इस बार समिति ने विशेष पहल करते हुए हिंदू सनातन धर्म की परंपराओं में वर्णित 51 शक्तिपीठों की भव्य झांकी सजाई है, जो लोगों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र बनी हुई है। आयोजन समिति के संरक्षक प्रमोद चौहान ने बताया कि सनातन संस्कृति में 51 शक्तिपीठों का दर्शन अत्यंत दुर्लभ और पुण्यकारी माना गया है। देशभर में फैले इन शक्तिपीठों तक हर कोई नहीं पहुंच पाता। इसी कारण भक्तों की सुविधा और आस्था को ध्यान में रखते हुए समिति ने ग्राम नेवारीगुड़ा में इन शक्तिपीठों का एक प्रतीकात्मक और दिव्य स्वरूप स्थापित किया है। उनका कहना है कि नवरात्र जैसे पावन पर्व पर भक्तों को एक ही स्थान पर 51 शक्तिपीठों के दर्शन का अवसर मिलना अपने आप में अद्वितीय और अविस्मरणीय अनुभव है। भव्य झांकी की सजावट इतनी आकर्षक है कि दर्शक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। समिति ने विशेष रूप से कलाकारों और मूर्तिकारों की मदद से विभिन्न शक्तिपीठों के स्वरूप को सजीव रूप में प्रस्तुत किया है। सजावट में रंग-बिरंगी लाइटें, पुष्पों की मालाएं और पारंपरिक अलंकरण का विशेष ध्यान रखा गया है। हर एक शक्तिपीठ के साथ उसकी ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता से जुड़ी जानकारी भी उपलब्ध कराई गई है, ताकि दर्शक केवल दर्शन ही नहीं बल्कि शक्ति परंपरा के बारे में गहराई से जान सकें। समिति ने नवरात्र के पूरे नौ दिनों तक प्रतिदिन विशेष पूजा-अर्चना, हवन और आरती का आयोजन किया है। इसके साथ ही सांस्कृतिक और धार्मिक कार्यक्रम भी प्रतिदिन आयोजित हो रहे हैं। इन कार्यक्रमों में स्थानीय कलाकारों के साथ-साथ बाहर से आए कलाकार भी देवी भक्ति के गीत, नृत्य और नाट्य प्रस्तुति देकर श्रद्धालुओं को भावविभोर कर रहे हैं। ग्राम नेवारीगुड़ा का यह आयोजन केवल स्थानीय स्तर तक ही सीमित नहीं है। पूरे जिले से हजारों की संख्या में लोग प्रतिदिन यहां पहुंच रहे हैं और 51 शक्तिपीठों के दर्शन कर अपनी श्रद्धा अर्पित कर रहे हैं। दर्शन के लिए आने वाले भक्तों में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की भारी उपस्थिति देखने को मिल रही है। भक्तों का कहना है कि इतनी दूर-दराज जाकर शक्तिपीठों के दर्शन करना संभव नहीं होता, लेकिन इस आयोजन ने उन्हें घर के पास ही यह सौभाग्य प्रदान किया है। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन की चर्चा जोरों पर है। लोग इसे धार्मिक दृष्टि से तो महत्वपूर्ण मान ही रहे हैं, साथ ही इसे सांस्कृतिक और सामाजिक एकता का भी प्रतीक मान रहे हैं। नवरात्र पर्व के अवसर पर जहां आमतौर पर पूजा-पंडाल और प्रतिमाएं सजाई जाती हैं, वहीं नेवारी गुढ़ा में 51 शक्तिपीठों की स्थापना एक अद्वितीय पहल है, जिसने नवरात्र पर्व को और अधिक पावन और भव्य बना दिया है। समिति के पदाधिकारियों का कहना है कि आने वाले समय में भी वे इस तरह के अनूठे और धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण आयोजनों की परंपरा को आगे बढ़ाते रहेंगे। उनका उद्देश्य है कि अधिक से अधिक लोग सनातन संस्कृति और देवी परंपरा से जुड़ें और भक्ति भाव से अपने जीवन को समृद्ध बनाएं। नेवारीगुड़ा का यह आयोजन श्रद्धा, भक्ति और संस्कृति का ऐसा संगम बन गया है, जो जिले के लिए गौरव का विषय है।

## खबर संक्षेप

### चैतन्य देवियों की झांकी का उद्घाटन

**राजनांदगांव।** नवरात्रि अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा ज्ञान मानसरोवर में आयोजित चैतन्य देवियों की झांकी का भव्य उद्घाटन महापौर मधुसूदन यादव ने किया। उन्होंने सर्वप्रथम चैतन्य देवियों की झांकी का अवलोकन किया तथा इसकी भव्यता एवं सजीवता की प्रशंसा की। इस अवसर पर सेवा केंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा बहन, पार्षद राजा माखीजा, पार्षद डुरेन्द्र साहू, पार्षद शैंकी बग्गा, पार्षद वीणा ध्रुव, पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा, महाकाल भक्त राजू डागा, संजय तेजवानी, पार्षद प्रतिनिधि प्रमोद साहू सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### पार्किंग की जगह पर बगैर अनुमति झांकी निर्माण

**राजनांदगांव।** पार्किंग स्थल से वाहनों को हटवाकर बिना अनुमति झांकी निर्माण किए जाने के मामले को लेकर शहर कांग्रेस अध्यक्ष एवं वार्ड नंबर 24 के पूर्व पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने नगर निगम आयुक्त और कोतवाली थाना में ज्ञापन के माध्यम से इस पर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। शहर के मां शीतला मंदिर के समीप वाहन पार्किंग स्थल पर स्थल झांकी निर्माण किए जाने के मामले को लेकर वार्ड के पूर्व पार्षद कुलबीर सिंह छाबड़ा ने कहा है कि उनके कार्यकाल में वार्ड के लोगों की सुविधा के लिए यहां पर पार्किंग स्थल बनाया गया है, जहां वार्ड के लोग अपने वाहन रखते हैं, जिसे हटवाकर भाजपा से जुड़े लोगों ने यहां पर स्थल झांकी बना दी है, जो अनुचित है। उन्होंने कहा कि यदि नगर निगम ने परमिशन दिया है तो निगम आयुक्त परमिशन दिखाए और परमिशन नहीं है तो इस पर कार्रवाई करें। उन्होंने पार्किंग स्थल पर झांकी बनाए जाने को लेकर आपत्ति जताते कोतवाली थाना में भी कार्रवाई के लिए शिकायत ज्ञापन दिया है। उन्होंने कहा कि पार्किंग स्थल पर झांकी निर्माण करने से लोगों को अपने वाहन रखने में असुविधाओं का सामना करना पड़ता है।

### दिग्विजय कॉलेज में वाणिज्य परिषद का गठन

**राजनांदगांव।** शासकीय दिग्विजय स्वशासी पीजी महाविद्यालय के वाणिज्य विभाग में 25 सितंबर को वाणिज्य परिषद का गठन प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं वाणिज्य विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एसके उके के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम को प्रारंभ करते डॉ. एसके उके द्वारा विद्यार्थियों को वाणिज्य परिषद के महत्व से अवगत कराते इसके उद्देश्यों पर प्रकाश डाला गया। साथ ही विद्यार्थियों को विभाग की गतिविधियों में सहयोग प्रदान करने प्रेरित किया गया। वहीं विभाग के कार्यों को एकजुट होकर संपादित करने कहा। उन्होंने परिषद के गठन की प्रकिया से अवगत कराते कहा कि वाणिज्य परिषद का गठन गुणानुक्रम के आधार पर किया जाता है। कार्यक्रम का संचालन प्रो. स्वयंसिद्धा झा द्वारा किया गया। वाणिज्य परिषद में मनोनीत अध्यक्ष चित्रकला, उपाध्यक्ष महक जैन, सचिव साधना वर्मा, सहसचिव पटेल वृत्ति एवं कोषाध्यक्ष ट्विंकल को आमंत्रित कर डॉ. उके द्वारा शपथ ग्रहण करवाया गया। साथ ही कार्यकारिणी सदस्यों में वैशाली यादव, अंजलि बघेल, शिशिर मिश्रा, रोशन जहांआरा, चांदनी सोनकर, शुभ्रा शर्मा, श्रुति वाघमारे, खिलेश्वरी, प्रशांत चौरे, हर्षिता देशमुख, कविता सिन्हा, कुमकुम साहू, गोयल साहू, किरण साहू, बालकृष्ण कोमरे, साहिल जंघेल, अंकिता ओटी, रेशमा तारम, बरखा महोबिया, गोपेंद्र देवांगन, जितेश देवांगन, अभिज्ञान झा को शपथ ग्रहण प्रो. सुमन कोचर द्वारा कराया गया।

### राष्ट्रीय खेल के लिए करण चयनित

**बेलगांव।** लोक शिक्षण संचनालय रायपुर ने लुधियाना में होने वाली राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के लिए चयनित खिलाड़ियों की सूची जारी की दिया है। इस सूची में गतका खेल में उच्चतर माध्यमिक शाला बेलगांव की कक्षा 12 वीं के छात्र करण ठाकुर का नाम भी शामिल है।

## जल संरक्षण और युक्तधारा पोर्टल पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित

# गांव से जिले तक जल संरक्षण का स्थायी समाधान जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा



जिले में जल संरक्षण योजना तैयार करने एवं युक्तधारा पोर्टल अंतर्गत ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) से संबंधित एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन जिला पंचायत सभाकक्ष में किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने अधिकारियों, कर्मचारियों एवं प्रतिनिधियों को मार्गदर्शन देते हुए कहा कि मोर गांव-मोर पानी महाभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत से लेकर जिला पंचायत स्तर तक जनभागीदारी आधारित जल संरक्षण योजनाएं तैयार करना अत्यंत आवश्यक है। इन योजनाओं को जमीनी आवश्यकताओं और उपलब्ध संसाधनों को ध्यान में रखकर बनाया जाए ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरक्षण के स्थायी समाधान सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 से महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत सभी निर्माण कार्यों के वर्क कोड केवल युक्तधारा पोर्टल के माध्यम से ही निर्मित होंगे। इसलिए यह आवश्यक है कि ग्राम पंचायतें शीघ्र ही सेल्फ ऑफ वर्क्स तैयार कर, ग्राम सभाओं से प्राथमिकता के आधार पर अनुमोदित कराएं। इसके बाद इन कार्यों को पोर्टल पर समयबद्ध रूप से दर्ज किया जाए ताकि योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन हो सके। कलेक्टर श्री शर्मा ने यह भी स्पष्ट किया कि युक्तधारा पोर्टल योजनाओं की पारदर्शिता, त्वरित निगरानी और जवाबदेही सुनिश्चित करने का सशक्त माध्यम है। इस पोर्टल से जिले की प्रत्येक पंचायत स्तर तक की योजनाओं की प्रगति पर नजर रखी जा सकेगी और हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचेगा। प्रशिक्षण में जनपद स्तर पर कार्यरत मनरेगा, प्रत्येक क्लस्टर से एक-एक सीएलएफ महिला सदस्य तथा सभी जनपद पंचायतों से सक्रिय रोजगार सहायकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को युक्तधारा पोर्टल संचालन, योजना निर्माण की तकनीकी प्रक्रिया, ग्राम पंचायत विकास योजना में जल संरक्षण कार्यों के समावेश और अनुमोदन की सम्पूर्ण जानकारी दी गई।प्रदान एनजीओ संस्था रायपुर के द्वारा प्रशिक्षण दिया गया।इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत श्रीमती प्रेमलता पदमाकर सहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।



# कृषि छात्रों ने किया राइस मिल का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

■ धान से चावल बनने की प्रक्रिया सीखी

समग्र शिक्षा के अंतर्गत व्यावसायिक कोर्स से जुड़े विद्यार्थियों के लिए शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भनसुली द्वारा एक महत्वपूर्ण औद्योगिक भ्रमण का आयोजन किया गया। कक्षा 9वीं से 12वीं के कृषि विषय के विद्यार्थियों ने ग्राम भनसुली स्थित टीकाराम राइस मिल का दौरा किया और चावल मिलिंग के विभिन्न पहलुओं की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राइस मिल संचालक वासुदेव साहू ने विद्यार्थियों को बताया कि वे सहकारी धान उपार्जन केंद्र के समन्वय से धान प्राप्त कर मिलिंग का कार्य करते हैं। उन्होंने सरकार के आश्वासन पर पीडीएस (सार्वजनिक वितरण प्रणाली) के लिए चावल की पूर्ति करने तक की पूरी प्रक्रिया समझाई।

**छात्रों को चावल के विभिन्न पहलुओं से कराया अवगत**

**भंडारण और प्रबंधन:** चावल की मांग कम होने पर विभिन्न मौसमों में धान के भंडारण के तरीके, उसमें आने वाली समस्याओं और उनके प्रबंधन के पहलुओं से अवगत कराया।

**मिलिंग के चरण:** मिलिंग के विभिन्न चरण, जैसे एलिवेटर के कार्य, हॉपर, फीडर, डेसटोनर, स्टोन और भूसी सेपरेटर, राइस व्हाइटनर, पॉलिशिंग, स्क्रीनिंग, ग्रेडिंग तथा पैकेजिंग के तरीकों की विस्तृत जानकारी दी।

**मार्केटिंग:** मिलिंग प्रक्रिया के बाद पीडीएस के अलावा थोक व्यापारियों को चावल की पूर्ति करने की मार्केटिंग प्रक्रिया भी समझाई।

### फोर्टिफाइड चावल की जानकारी

भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने फोर्टिफाइड चावल बनाने की विधि और उसके पौष्टिक गुणवत्ता के विषय में भी विस्तार से जाना। टीकाराम राइस मिल के प्रबंधक साहू जी द्वारा दी गई यह व्यापक जानकारी विद्यार्थियों के लिए काफी आकर्षक एवं रोचक रही। यह औद्योगिक भ्रमण शाला की वरिष्ठ शिक्षिका रश्मि सोनी, कृषि प्रशिक्षक के मार्गदर्शन में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, राष्ट्र की आत्मा है

## जवाहर नवोदय विद्यालय में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय बहेरा (बेमेतरा) में राजभाषा हिंदी पखवाड़ा का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बेमेतरा विधायक दीपेश साहू मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा सुलेखन, स्वरचितकविता कविता वाचन, नारा लेखन, प्रश्नोत्तरी राजभाषा, पोस्टर निर्माण, लघु कथा, भाषण, निबंध, श्रुतलेख एवं अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। विधायक दीपेश साहू ने प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। विधायक दीपेश साहू ने कहा –हिंदी हमारी मातृभाषा ही नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा है।

हिंदी हमें एक सूत्र में जोड़ती है और भारतीय संस्कृति को मजबूती प्रदान करती है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में न केवल भाषा के प्रति सम्मान बढ़ता है, बल्कि वे अपनी अभिव्यक्ति और प्रतिभा को भी नए आयाम देते हैं। नवोदय विद्यालय के बच्चों की लगन और अनुशासन सराहनीय है। मुझे विश्वास है कि ये विद्यार्थी आगे चलकर जिले और प्रदेश का नाम रोशन करेंगे।"कार्यक्रम में विद्यालय परिवार, शिक्षकगण और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे।

कार्यक्रम मे प्रिंसिपल ए के दहिकर, प्रोग्राम कोर्डिनेटर अजीत प्रताप सिंह आर्ट टीचर सुनील डम्बारे, कार्यक्रम प्रभारी -रंजना तिवारी, योग टीनर चांदनी साहू म्यूजिक टीचर पील नागरा, ग्रामीण मडल अध्यक्ष गजानंद साहू, छत्रकुमार देवांगन सरपंच प्रतिनिधि डेरहा भारती, धनश्याम साहू, अश्वनी साहू, लालाराम रामशरण साहू से रेवा राम निषाद दिलेश्वर साहू की, हेमसिंह तथा उपसरपंच श्याम लाल निषाद फक्तेलाल साहू शिव कुमार सहित छात्र छात्राएं शिक्षक शिक्षिका उपस्थित रहे।



# बरगा में जलाया गए आस्था के ज्योत

**थानखम्हरिया।** नवरात्रि पर ग्राम बरगा का वातावरण भक्ति और उल्लास से सराबोर है। बरगा में सैकड़ों मनोकामना ज्योति प्रज्वलित की गई हैं, जहां क्षेत्रभर के श्रद्धालु प्रतिदिन दर्शन करने आते हैं। खेतों की हरियाली के बीच स्थित बंजारी मंदिर वर्तमान में मनमोहक लग रहा है। व्यवस्थापक कन्हैयालाल पाल, पीलुराम साहू, धर्मेन्द्र वर्मा और गंगदेव साहू ने बताया कि मां बंजारी में हर वर्ष मनोकामना ज्योति बढ़ती जा रही है, गांव स्तर में माता जी की संध्या आरती क्रमशः समय में होती है जिससे ग्रामीण दर्शालु प्रतिदिन सभी जगह सम्मिलित हो पाते हैं। मां दुर्गोत्सव समिति मंडल पारा द्वारा पुराना दुर्गा मंच में मां अम्बे विराजित की गई है। बजरंग दुर्गोत्सव समिति बजरंग पारा द्वारा महावीर चौक में मां अम्बे और श्री सरस्वती सेवा समिति पटेल पारा द्वारा बस स्टैण्ड में मां सरस्वती के रूप में माता के अलौकिक स्वरूप स्थापित किए गए हैं। इन दरबारों में श्रद्धालुओं की दिनभर भीड़ उमड़ रही है। सजावटों में भी विशेष ध्यान दिया गया है। प्रतिदिन विधि पूर्वक मां को अलग अलग भोग लगाया जाता है तथा उन्ही भोग को श्रद्धालुओं में प्रसादी के रूप में वितरण किया जाता है।

### देवी जगराता का आयोजन

26 सितम्बर को श्री मातृरूपेण देवी जगराता परिवार बीजा बैरागी द्वारा मण्डल पारा चौक में देवी जगराता का आयोजन हुआ, जिसका आनंद ग्रामवासी ने लिया। इस देवी जगराता का आयोजन समिति सदस्य ओम प्रकाश पाल और परिवार द्वारा आयोजित किया गया था।

# छात्रों को दी गई एड्स और टीबी से बचाव की जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▸▸ बेमेतरा

महाविद्यालय बेरला में एड्स नियंत्रण कार्यक्रम, रेड रिबन क्लब एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में एच आई वी, एड्स, टीबी जागरूकता उन्मुखीकरण विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला रखी गई, जिसमें कॉलेज के सभी छात्र-छात्रों को डॉ पल्लव साहू मेडिकल ऑफिसर बेरला द्वारा स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई।

उक्त कार्यक्रम में राष्ट्रीय क्षय उन्मूलन कार्यक्रम के स्वास्थ्य विभाग बेरला से ब्लॉक वरिष्ठ पर्यवेक्षक दिनेश गंगबेर द्वारा टीबी के बारे में विस्तृत में बताया गया जिसमे टीबी के फैलाव तथा संक्रमण उपचार व निक्षय पोषण योजना के बारे में जानकारी प्रदान किया गया।

साथ में टीबी मुक्त भारत के लिए भारत सरकार ने 2030 का लक्ष्य रखा है, जिसमें सभी ग्राम पंचायत को टीवी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किए जाने पर एवं टीवी के नए मरीजों की खोज किया जाना है, जिसके लिए प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें कॉलेज के छात्र, छात्रों, प्राध्यापक, प्राचार्य व स्टाफ द्वारा छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त बनाने के लिए शपथ लिया गया। उक्त कार्यशाला में आईसीटीसी परामर्शदाता बेरला से मौसमी टंडन ने एचआईवी एड्स के फैलाव संक्रमण बचाव के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे टीबी की रोकथाम के लिए टीबी की जांच और उपचार संबंधी जानकारी दिया गया,उक्त कार्यशाला में प्राचार्य डॉ. प्रेमलता गौरे, सहायक प्राध्यापक डॉ आस्था तिवारी, बी आर सिवारे रेड रिबन क्लब एंड रेड क्रॉस प्रभारी, आशीष एक्का, गिरजा वर्मा, खुशबु ध्रुव आदि की उपस्थिति रही।

## पेज 9 के शेष

### पीडीएस और मध्यान्ह भोजन ...

विधि एवं फायदों के पर्याप्त प्रचार-प्रसार की आवश्यकता पर जोर दिया। साथ ही खाद्य आयोग के कॉल सेंटर नंबर 1800-233-3663 एवं 1967 को सभी सार्वजनिक स्थानों पर प्रदर्शित करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि आंगनबाड़ी केन्द्रों और छात्रावासों में साफ-सफाई और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। अपने औचक भ्रमण के दौरान अध्यक्ष श्री शर्मा ने दाढ़ी स्थित प्री-मैट्रिक छात्रावास, आंगनबाड़ी केन्द्रों एवं शासकीय उचित मूल्य की दुकान का निरीक्षण किया।

### बच्चों को पौष्टिक व ...

योजनाओं का लाभ हितग्राहियों तक सही रूप से पहुँचे, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने सभी राशन दुकानों को प्रतिदिन नियमित रूप से खोलने और सभी योजनाओं की निगरानी मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में जिला पंचायत सीईओ प्रेमलता पदमाकर, खाद्य अधिकारी, नागरिक आपूर्ति निगम के जिला प्रबंधक, स्टेट वेयरहाउसिंग कॉर्पोरेशन के नोडल अधिकारी एवं विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# लालपुर स्कूल में पालक-शिक्षक द्वितीय चरण बैठक हुई



**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला लालपुर में पालक-शिक्षक द्वितीय चरण की मेगा बैठक सफलतापूर्वक सम्पन्न हुई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य विद्यालय और पालकों के बीच समन्वय स्थापित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में ठोस पहल करना था। बैठक में बच्चों को समय पर स्कूल भेजने, पढ़ाई के प्रति सकारात्मक माहौल तैयार करने, निपुण भारत मिशन अंतर्गत एफएलएन लक्ष्य प्राप्ति, भाषाई एवं गणितीय कौशल विकास सहित बच्चों की समस्त गतिविधियों में पालकों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। प्रधानपाठक बृजपाल सिंह डाहिरे ने बताया कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए घर का वातावरण, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, प्रिंट रिच वातावरण, बच्चों का आकलन और शैक्षणिक परिणामों पर आधारित रणनीति तैयार की जा रही है। संकुल समन्वयक सतीश कुमार कुर्रे ने बताया कि बच्चों में सुधार हेतु जादुई पिटारा, मुस्कान पुस्तकालय, कहानी कार्नर एवं विज्ञान किट का उपयोग किया जा रहा है। वहीं कमजोर एवं लंबे समय से अनुपस्थित छात्रों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में ग्रामवासियों की मदद लेने की बात भी कही गई। मिडिल स्कूल के प्रधानपाठक रामायण मनहरे ने आय, जाति, निवास प्रमाण पत्र, स्वास्थ्य परीक्षण, न्योता भोजन,उपचारात्मक शिक्षण के तहत अभ्यास पुस्तिकाओं के उपयोग पर प्रकाश डाला। शिक्षक शांत कुमार पटेल ने सुरक्षित शनिवार, दीक्षा ऐप नवीन पाठ्यपुस्तकों का उपयोग, सामुदायिक सहयोग, खेलकूद तथा स्कूल परिसर की स्वच्छता जैसी गतिविधियों सफल संचालन हेतु अपने विचार रखे। इस अवसर पर शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष, जितेंद्र बंजारे, महेसिया कुर्रे,उपाध्यक्ष आशा चेलक आनंद कुर्रे, पालकगण सहित समन्वयक सतीश कुर्रे, प्रधानपाठक रामायण मनहरे, बृजपाल सिंह डाहिरे, शिक्षक घनश्याम प्रसाद साहू, मोतीराम पात्रे, शांत कुमार पटेल एवं सफाई कर्मचारी विश्वजीत चंदेल, हेमचंद बर्मन सहित कुल 30 पालक उपस्थित रहे उपस्थित रहे।

# 360 छात्राओं ने कराया स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव



आयुक्त उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार सेवा पखवाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर 2025 के अंतर्गत शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव में 26 सितंबर को महिला स्वास्थ्य जागरूकता संगोष्ठी एवं स्वास्थ्य परीक्षण शिविर सम्मलित रूप से स्वथ्य नारी सशक्त परिवार अभियान का आयोजन यूथ रेडक्रॉस, एनएसएस एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य स्वास्थ्य एवं जिला चिकित्सा अधिकारीएवं अन्य अधिकारीगण तथा श्री अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव के चिकित्सकगण अतिथि के रूप उपस्थित रहे।

संस्था प्राचार्य डॉ. ओंकारलाल श्रीवास्तव ने अपने स्वागत उद्बोधन में महिला स्वास्थ्य एवं पर्यावरण सुरक्षा के प्रति महत्वपूर्ण जानकारी दी। जनभागीदारी अध्यक्ष मणीभास्कर गुप्ता ने नारी सशक्तिकरण के संदर्भ में प्रभावी उद्बोधन दिया। डॉ. प्रकाश खुटे ने संतुलित आहार पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ. एनआर नवरतन ने राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में संचालित समस्त योजनाओं पर विस्तृत व्याख्यान दिया। डॉ. धीरज भवनानी एसोसिएट प्रोफेसर डीएनबी ऐनेस्थीसिया स्लीप राईट और स्लीप सेड्यूल विषय पर व्याख्यान देते बताया कि अच्छी नींद मानव स्वास्थ्य को बेहतर बनाती है। डॉ. पूजा मेश्राम ने छात्राओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया एवं स्वस्थ नारी एवं सशक्त परिवार का संदेश दिया। डॉ. सौम्या चेलक ने आइडियल लाइफ स्टाईल पर व्याख्यान दिया। डॉ. लक्की नेताम ने बताया कि नियमित व्यायम दीर्घायु जीवन की आधारशीला है। डॉ. साक्षी गजभिये द्वारा निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। ज्योति यादव एवं नलिनी सागरे द्वारा औषधियों का निः शुल्क वितरण किया गया। रामकुमारी धुर्वा ने सेवा पखवाड़ा का संक्षिप्त परिचय देते स्वच्छता का महत्व समझाया। कार्यक्रम का संचालन नीलम राम धनसाय ने किया। कार्यक्रम के अंत में नंदिनी चन्द्रवंशी ने आभार व्यक्त करते कार्यक्रम का समापन किया। कार्यक्रम में डॉ. दिलीप, डॉ. एचके गरचा, डॉ. निवेदिता ए. लाल, आबेदा बेगम, एमके मेश्राम, संजय मिश्रा, आलोक जोशी, डॉ. युगेश्वरी साहू उपस्थित रहे।

# जिला पंचायत उपाध्यक्ष के खिलाफ हुई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राजनांदगांव

जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू के खिलाफ ग्राम पंचायत चौथना की सरपंच और सचिव सहित ग्राम के पंचों ने दबावपूर्वक प्रस्ताव बनवाकर हस्ताक्षर कराने और जातिगत अभद्र टिप्पणी किए जाने के मामले को लेकर जिला पंचायत सीईओ से शिकायत की है।

डोंगरगढ़ क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चौथना की सरपंच मालतीबाई उइके, सचिव वंदना मेश्राम और अन्य पंचगणों ने जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू पर सरपंच, सचिव को घर में बुला-बुलाकर प्रस्ताव बनाने और उसे स्वीकृत कराने हेतु अनुचित दबाव बनाए जाने और जातिगत ऊंच-नीच को लेकर टिप्पणी किए जाने की शिकायत की गई है। उन्होंने उपने शिकायत ज्ञापन में कहा है कि किरण साहू सरपंच मालतीबाई, सचिव और ग्राम पंचायत के आदिवासी पंचो को कहती है कि तुम छोटी जात के लोग हो, तुम राजनीति क्या समझोगे । पंचायत चलाना बडी जाति के लोगों का काम है। उनके द्वारा पंचायत चौथना के हर कार्य में अनुचित रूप से हस्तक्षेप किया जाता है।

**दो लोगों को काम देने दबाव:** शिकायत पत्र में कहा गया है कि पंचायत में जो भी काम चल रहा है। उसका 50 प्रतिशत मांगा जाता है। वहीं ग्राम के दो लोगों दिनु यादव एवं संदीप सिन्हा को काम देने दबाब बनाया जाता है। वहीं वन विभाग की भूमि पर चार लोगों को पट्ट्टा देने का प्रस्ताव करने दबाव दिया जा रहा है। उनके द्वारा जेल भिजवाने की धमकी भी दी जाती है। जिला पंचायत अध्यक्ष-सीईओ को दिए गए इस ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई की मांग की गई है।

HEALTH TOWN
आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
Dr. Hrituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi Parikshak By Sri Sri Tattva Bengaluru
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आवुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### सेवा सहकारी हसदा की वार्षिक आमसभा हुई

**बेमेतरा।** सेवा सहकारी समिति मर्यादित हसदा की वार्षिक आमसभा का आयोजन शुक्रवार को समिति परिसर में किया गया। सभा का शुभारंभ किसान देवता बलराम भगवान के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष प्रकाश वर्मा ने कहा कि समिति का प्राथमिक प्रयास है कि शासन की विभिन्न योजनाएं आम कृषक तक आसानी से और सुगमता से पहुंचें। इस अवसर पर, प्रभारी प्रबंधक देवलाल सिन्हा ने वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। उन्होंने सभा में सदस्यों को लेखा परीक्षण, आय-व्यय, लाभ-हानि, माइक्रो एटीएम और सीएससी सेवाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी। सिन्हा ने शासन की महत्वपूर्ण योजना पीएसीएस कंप्यूटरीकरण के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए किसानों को इससे मिलने वाले लाभों से अवगत कराया। इस आमसभा में शाखा प्रबंधक कृष्ण कुमार यादव, प्रभारी प्रबंधक देवलाल सिन्हा, संतोष पाल, भारत भूषण वर्मा, कमल साहू, गंगाधर साहू, सत्यनारायण परगनीहा, पंचरम धनकर, रवि यादव, राजकुमार कुर्रे, त्रिलोकी साहू, मीना बाई साहू, रामेश्वर परगनीहा, रामाधिन साहू, गंगा साहू, महादेव सिन्हा, ललित वर्मा, नागेश्वर साहू, डीकेश साहू, सेवा राम साहू, भास्कर साहू, दौवा राम साहू, शालिक बंछोर, भारत दास कुर्रे** सहित बड़ी संख्या में समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### एफसीआई परिसर में खड़े ट्रक में लगी आग

**भिलाई।** फूड कार्पोरेशन ऑफ इंडिया के गोदाम परिसर में अचानक खड़ी ट्रक में आग लगने से अफरा तफरी मच गई। खबर लगने पर दमकल टीम पहुंची और मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। मिली जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर 12 बजे एफसीआई ट्रक सीजी 07 सीबी 0266 में अचानक आग लग गई। ट्रक मालिक परमिल सिंह बताया जा रहा है। दमकल कर्मियों ने आग को पूरी तरह से नियंत्रित कर लिया। समय रहते आग पर काबू पाया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। घटना के बाद मोहन नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। आग लगने का कारण अज्ञात माना जा रहा है। पुलिस जांच-पड़ताल में जुट हुई है।

## निधन

### जानकी देवी शुक्ला

**बेमेतरा।** शहर के पंजाबी पर निवासी श्रीमती जानकी देवी शुक्ला



उम्र 74 साल का शुक्रवार को शाम 5:00 बजे उनके निवास में निधन हो गया। जानकी देवी शुक्ला स्वर्गीय मारकंडे शुक्ला के धर्मपत्नी एवं नानूक अजय शुक्ला की माताजी थी परिजनों के द्वारा मृतिका जानकी शुक्ला की इच्छा अनुसार उनके मृत शरीर को मेडिकल कॉलेज रायपुर में भेजा गया है।

# नवरात्रि पर महामाया मंदिर में 132 मनोकामना ज्योति कलश स्थापित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/नारायणपुर**

ग्राम पंचायत नारायणपुर सहित क्षेत्रों में इन दिनों चरो तरफ शारदीय नवरात्र पर्व की धूम मची हुई है, जहां शक्ति की उपासना के नौ दिनों तक शारदीय नवरात्रि पर्व की शुरुआत क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जा रहा है, जहां चारों और माता रानी के जयकारे गूंज सुनाई दे रही है,जहां माता रानी के दुर्गा के स्वागत में भव्य पंडाल सजाकर लोग भक्ति भाव में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं, वहीं महामाया मंदिर के आचार्य पंडित आकाश शर्मा व पड़ा पुनित साहू, अशोक साहू ने बताया कि गांव के सिद्ध पीठ मां महामाया मंदिर के दरबार में विधि विधान के साथ शुभ मुहूर्त में भक्तों द्वारा 132 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित की गई है, जहां मां महामाया के दर्शन करने के लिए आसपास के साथ-साथ दूर-दूर से भक्ति आस्था और विश्वास के साथ दर्शन के लिए लोग आ रहे हैं, और माता की आराधना से भक्तों के कार्य सिद्ध हो रहें हैं, जहां नवरात्रों पर माता के दरबार में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही है।

### देवी मंदिरों में सेवा जस गीतों में माता की महिमा



### श्रद्धालुओं की उमड़ी रही भारी भीड़

सुबह से ही मां के जयकारे मंदिरों व पंडालों गूंज उठाते नजर आ रहे हैं, व देवी मंदिरों में सेवा जस गीत की धुन सुबह शाम सुनाई दे रही है, जहां नौ दिनों तक यहां श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी रही है, खासकर शाम की आरती में महिलाएं और युवतियां बड़ी संख्या में शामिल हों रही है। जिसके चलते नवरात्र पर्व पर मंदिरों व पंडालों को रंग-बिरगी झालरो और तेज रोशनी लाइटों से पंडाल व मंदिरों को सजाया गया है, जिससे गांव भक्तिमय व जस गीत से गूंज रहे हैं, और लोग पूरी श्रद्धा और भक्ति के साथ माता की आराधना में लीन है, वही गांव में चार जगह भव्य प्रतिमाओं की मूर्ति स्थापित कि गईं हैं, जहां भक्तों पूरे दिन सुबह शाम माता के भक्ति में लीन होते हुए नजर आ रहे हैं, जिससे गांव का माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

## जिले में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण पर जोर, राजनीतिक दलों से 7 अक्टूबर तक

# शुद्ध व त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने में बूथ लेवल एजेंट की होगी भूमिका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर बेमेतरा जिले में विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण-2025 (एसआर-I) की कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय राजनीतिक दलों की बैठक आयोजित की गई। कलेक्टर रणबीर शर्मा ने सभी राजनीतिक दलों से अपील करते हुए कहा कि शुद्ध एवं त्रुटिरहित निर्वाचक नामावली तैयार करने में बूथ लेवल एजेंट की महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी राजनीतिक दल 7 अक्टूबर 2025 तक अपने-अपने बीएलए की सूची (नाम एवं मोबाइल नंबर सहित) कलेक्टर कार्यालय को उपलब्ध कराएं। नियुक्त किए गए बूथ लेबल एजेंट को 9 एवं 10 अक्टूबर 2025 को विधानसभा स्तर पर आयोजित होने वाले ओरिएंटेशन प्रोग्राम में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया और कार्यप्रणाली का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि सभी दलों की सक्रिय भागीदारी से निर्वाचक नामावलियों को और अधिक पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाया जा सकेगा।

- निर्वाचक नामावलियों के विशेष गहन पुनरीक्षण पर जिला प्रशासन ने ली राजनीतिक दलों की बैठक



### मतदाता सूची मिलान की स्थिति

बैठक में जानकारी दी गई कि मतदाता सूची को दुरुस्त करने के लिए वर्ष 2003 एवं वर्ष 2025 की मतदाता सूची का मिलान किया गया है। ए श्रेणी वे मतदाता जिनका नाम दोनों सूचियों में पाया गया। बी श्रेणी वे मतदाता जिनका नाम 2025 की सूची में है, जबकि उनके माता-पिता का नाम 2003 की सूची में पाया गया। जिले में अब तक 65.56 प्रतिशत मतदाताओं का सफलतापूर्वक मिलान किया जा चुका है और इसका डाटा एंट्री कार्य प्रगति पर है। नवीन मतदान केन्द्रों की सूची अनुमोदन के बाद राजनीतिक दलों को उपलब्ध करा दी जाएगी।

### फॉर्म भरने और शिकायत निवारण की प्रक्रिया

कलेक्टर शर्मा ने मतदाता सूची से संबंधित आवश्यक जानकारी भी साझा की:

| फॉर्म | उपयोग |
|---|---|
| फॉर्म-6 | नाम दर्ज कराने/जोड़ने के लिए |
| फॉर्म-7 | नाम हटाने के लिए |
| फॉर्म-8 | संशोधन, स्थानांतरण, डुप्लीकेट ईपिक कार्ड अथवा दिव्यांगजन को चिह्नित करने के लिए |

ये सभी फॉर्म वोटर हेल्पलाइन ऐप या वेबसाइट : के माध्यम से ऑनलाइन किसी भी समय भरे जा सकते हैं। निर्वाचक नामावली में नाम दर्ज कराने हेतु वर्ष भर चार अर्हता तिथियां 01 जनवरी, 01 अप्रैल, 01 जुलाई और 01 अक्टूबर निर्धारित की गई हैं। ऑनलाइन डाउनलोड किया जा सकता है, जबकि सामान्य ईपीआईसी कार्ड स्पीड पोस्ट के माध्यम से मतदाताओं को भेजा जा रहा है। मतदाता सूची या ईपिक कार्ड से संबंधित किसी भी जानकारी अथवा शिकायत के लिए जिला स्तरीय टोल फ्री नंबर 1950 पर कार्यालयीन समय में संपर्क किया जा सकता है। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी प्रकाश भारद्वाज, विभिन्न राजनीतिक दलों के सदस्यगण एवं निर्वाचन शाखा के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बेरला ब्लॉक के 5 खिलाड़ियों का राज्य स्तरीय शालेय हॉकी स्पर्धा के लिए चयन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**



25 राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में शनिवार 27 सितंबर से 30 सितंबर तक आयोजित होनी जा रही है, जिसमें बेरला ब्लॉक के अंतर्गत ग्राम बारगांव, ग्राम देवरी एवं ग्राम मुड़पार से हॉकी खेल में 03 बालक एवं 02 बालिकाओं का चयन राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा हॉकी प्रतियोगिता के लिए हुआ है।

सभी खिलाड़ी राजनादगांव में अयोजित क्षेत्रीय चयन प्रतियोगिता में व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू के नेतृत्व में भाग लिया था सभी खिलाड़ियों ने खेल मैदान में अपने उम्दा खेल का दमदार प्रदर्शन किया था। उसी के आधार पर चयन हुआ है, चयनित होने वाले खिलाड़ी ग्राम बारगांव से अंडर 14 (बालक वर्ग) में खुशवंत पाल कक्षा 07 (बालिका वर्ग) में नोमिता साहू कक्षा 8 वीं ग्राम देवरी से अशोक कुमार साहू कक्षा 08 वी, अनिकेत साहू कक्षा 07वीं तथा ग्राम मुड़पार से दिव्या निषाद कक्षा 08वीं सभी खिलाड़ी दुर्ग जोन का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उम्दा खेल कौशल का प्रदर्शन करेंगे। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ को 05 जोन में बाटा गया, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर, बस्तर एवं सरगुजा के बीच रोचक एवं कड़ा मुकाबला देखने को मिलेगा। इस अवसर पर व्यायाम शिक्षिका (कोच) तुलसी साहू ने चयनित सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ग्राम बारगांव,देवरी एवं मुड़पार के लिए यह एक गौरव का क्षण है, अंडर 14 बालक एवं बालिका वर्ग में 05 खिलाड़ियों का चयन होना अंचल सहित जिले वासियों के लिए बड़ी उपलब्धि है चयनित सभी खिलाड़ियों की कड़ी मेहनत और परिश्रम का सूखत परिमाण है, क्षेत्रीय स्तर में सभी ने अपने, अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया इनकी यह सफलता खिलाड़ियों के माता, पिता, विद्यालय और जिले के लिए गर्व की बात है,इनकी यह उपलब्धि अन्य खिलाड़ियों को प्रेरणा देगी।

## स्वच्छोत्सव प्रतियोगिता में लावातरा हाईस्कूल के छात्रों का उत्कृष्ट प्रदर्शन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत ' स्वच्छोत्सव' थीम पर आधारित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन विभिन्न स्तरों पर किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत गुरुवार को जोन स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सरदा में किया गया।

जिसमें जोन के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के विद्यार्थियों ने प्रश्नोत्तरी, निबंध लेखन, कविता लेखन, नारा लेखन, चित्रकला, वाद विवाद आदि प्रतियोगिताओं में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं में शासकीय हाईस्कूल लावातरा के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए चार प्रतियोगिताओं में चयनित होकर विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान बनाए। इसमें कु वैष्णवी साहू कक्षा 10वीं एवं कु नंदिनी रजक कक्षा 10वीं ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम, कु भावना साहू कक्षा 10वीं चित्रकला में प्रथम, कु लिकेश्वरी साहू कक्षा 10 वीं नारा लेखन में प्रथम तथा कु डाली साहू कक्षा 10 वीं कविता लेखन में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय को गौरवान्वित किया। विद्यालय के छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था प्रमुख रविशंकर देशलहरे, व्याख्यातागण भुवन लाल साहू, अनुज राम साहू, शोभाश्विनी मेटिया, शहनाज बानो, जमुना साहू सहित प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक शाला के शिक्षकगण पुष्कर परगनिहा, हेमचंद साहू, ओंकार प्रसाद साहू, टीका राम साहू, वीणा देवी सारथी, अब्राहम एक्का , दिनेश कुमार साहू, लिलेश्वरी ठाकुर, धन्ना साहू, वंदना यादव, स्वयंसेवी शिक्षक युवराज साहू ने हर्ष व्यक्त करते हुए छात्र को बधाई एवं शुभकामनाएं दी है तथा विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में भी अच्छा प्रदर्शन करने हेतु प्रेरित किया है।

## तारालिम में पंडित दीनदयाल की जयंती धूमधाम से मनाई

**बेरला।** जनपद पंचायत बेरला के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत तारालिम में सरपंच व ग्रामीण सहित कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती धूमधाम से मनाई। सर्वप्रथम उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए और माल्यार्पण किया। साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयघोष जोर-शोर से किया गया।

इस पश्चात ग्राम पंचायत तारालिम सरपंच सिम्पू परगनिहा ने पंडित दीनदयाल के जीवन के बारे में बताया। उनका जन्म 25 सितंबर 1916 को राजस्थान के धनकिया में हुआ था। पं. दीनदयाल उपाध्याय के जन्म दिवस के अवसर पर उनकी सेवाओं का स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धासुमन समर्पित किये गये। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य रहे पं. दीनदयाल ने अनेक आंदोलनों में बढ़-चढ़ कर भाग लिया। राष्ट्रधर्म व पांचजन्य अखबार निकाले। एकात्म मानववाद को आगे बढ़ाते हुए विकास की किरण समाज के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने की बात कहीं। पंडित दीन दयाल उपाध्याय की अवधारणा थी कि आजादी के पश्चात भारतीय विकास का आधार भारतीय संस्कृति होनी चाहिए न कि पाश्चात्य संस्कृति या विचारधारा। साथ ही स्वच्छता अभियान चलाया गया। जिसमें ग्राम तारालिम की चौंक-चौराहे की साफ सफाई किया गया। इस कार्यक्रम में सरपंच सिम्पू परगनिहा, उपसरपंच दानी साहु, पंचगण लोमिन साहु, तुलसी धिवर, संतोषी धिवर, नरेंद्र साहु, बंधु वर्मा, घनश्याम यादव, रोशन परगनिहा, कलाबाई रात्रे, कुलदीप सेन, दाऊलाल भारती, प्रेमलता परगनिहा, सुशील, द्वारका, सोनशाय, धनेश्वर, प्रहलाद, नेतराम, विपत पुरन, बुधेश्वर सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।



## अखाड़ों के मठ-मंदिरों का स्वामित्व निर्धारण गुरु शिष्य परम्परा से होगा : महंत सुरेंद्र



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा**

रामजानकी मंदिर नवागढ़ के महंत सुरेंद्र दास, धर्म स्तंभ काउंसिल के डॉ. सौरव निर्वाणी ने मठ मंदिरों के संपत्ति के हुए बिक्री को अवैध बताते हुए कहा है कि मंदिर की संपत्ति का भगवान का विग्रह होता है उसे किसी को भी बेचने का अधिकार नहीं चाहे वो मंदिर मठ का महंत ही क्यों ना हो

अगर अतीत मिस्टर बेची गई है तो वो रजिस्ट्रारी कानून सम्मत नहीं है उसे शून्य मानते हुए मंदिर या मठ को वापस होगी, छत्तीसगढ़ सहित सम्पूर्ण भारत में वैष्णव सम्प्रदाय तथा अखाड़ा परम्परा के अधीन स्थापित मठ-मंदिर सनातन धर्म की अमूल्य धरोहर हैं। इन मठ-मंदिरों की भूमि, धरोहर एवं सम्पत्ति का स्वामित्व किसी भी आधुनिक या बाहरी विधिक प्रणाली पर आधारित नहीं, बल्कि परम्परागत सनातनी पद्धति एवं शास्त्रसम्मत व्यवस्था पर आधारित रहा है। शास्त्रों में स्पष्ट उल्लेख है कि मठ-मंदिर की धरोहर भगवान की मानी जाती है, और उसके रक्षक मात्र संन्यासी, महंत एवं अखाड़ा परम्परा के उत्तराधिकारी होते हैं। यह परम्परा सहस्राब्दियों से चली आ रही है,अखाड़ा और सम्प्रदाय का विधान मठ-मंदिरों का संचालन सदैव अखाड़ा परिषद एवं सम्प्रदाय की मर्यादा के अधीन रहा है। किसी भी प्रकार के सरकारी हस्तक्षेप, संस्थागत पंजीयन या आधुनिक स्वामित्व नियम इस सनातनी पद्धति को प्रभावित नहीं कर सकते। वैष्णव सम्प्रदाय की मान्यता है कि मठ-मंदिर भगवान का धाम हैं। उनकी भूमि-सम्पत्ति भगवान के नाम से सुरक्षित रहती है, जिस पर कोई व्यक्ति, संस्था अथवा शासन व्यक्तिगत अधिकार नहीं जमा सकता। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के महामंडलेश्वर महंत सुरेंद्र दास ने कहा कि ,हम यह घोषणा करते हैं कि,वैष्णव सम्प्रदाय और अखाड़ों के अधीन आने वाले सभी मठ-मंदिरों का स्वामित्व केवल परम्परागत सनातनी पद्धति से ही मान्य होगा, न कि किसी अन्य पद्धति से। अतः धर्म स्तंभ परिषद एवं अखिल भारतीय वैष्णव ब्राह्मण सेवा संघ स्पष्ट करता है कि मठ-मंदिरों की स्वतंत्रता और सनातन परम्परा की मर्यादा अक्षुण्ण रहेगी।



Ajay Advt.

## रनबोड में राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज, जिपं सदस्य मधु ने किया उद्घाटन



**नवागढ़।** जिला पंचायत सदस्य मधु रॉय ने ग्राम रनबोड में आयोजित एक दिवसीय राज्य स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का भव्य शुभारंभ किया। इस मौके पर मधु रॉय ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, साहस और टीम भावना को विकसित करने का महत्वपूर्ण साधन हैं। उन्होंने इस अवसर पर क्षेत्रीय विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता भी जताई। मधु रॉय ने कहा कि गांवों में खेल और युवा कार्यक्रमों को बढ़ावा देना सिर्फ खेल की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक विकास के लिए भी जरूरी है। इस अवसर पर सरपंच फेरुराम साहू ने कहा कि राज्य स्तरीय आयोजन युवाओं की प्रतिभा को सामने लाने और ग्राम में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने में अहम भूमिका निभाते हैं। प्रतियोगिता में राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए खिलाड़ियों ने अपनी कुशलता दिखाई और खेल प्रेमियों की भीड़ ने मैदान का उत्साह बढ़ाया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेलप्रेमी उपस्थित रहे।







